PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 8
Width: 5.83 cms, Height: 15.71 cms, a4, Ref: 19.2017-08-16.95

उद्योग जगत ने नीतिगत सुधार आगे बढ़ाने पर बल दिया

नई दिल्ली, प्रेट्र : भ्रष्टाचार और कालेधन के खिलाफ सरकार के प्रयासों की तारीफ करते हुए उद्योग जगत ने नीतिगत सुधारों में मजबूती की मांग की है। उद्योग जगत ने कहा कि नई औद्योगिक नीति, रोजगार सृजन और कार्य स्थल पर महिला सशक्तीकरण जैसी नीतियों को मजबूत किए जाने की जरूरत है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) ने कहा कि लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक सुरक्षित, समृद्ध और सक्षम राष्ट्र के लक्ष्य की रूपरेखा रखी है। सीआइआइ की प्रेसीडेंट शोभना कामिनेनी ने कहा, '2022 का विकास लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है। इसके लिए विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में नीतिगत प्रयासों की जरूरत होगी।

इस दिशा में सरकार ने उल्लेखनीय कदम उठाया है और विकास की सुई को बढ़ाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री ने 125 करोड़ भारतीयों की सामूहिक शक्ति से संचालित सुरक्षित, समृद्ध और सक्षम राष्ट्र का खाका खींचा है।'